Exam Seat No : ___________

[46]

No. of printed Page : 02

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**

**BA [ 2nd - Semester ] Examination**

**Friday, 29 March 2019**

**10:00 am To 01:00 pm**

**Subject : HINDI LITERATURE :: Subject Code : UA02GHIN21**

**Subject Title : आधुनिक हिन्दी कविता : 'कुरुक्षेत्र'**

---

सूचना : हिन्दी में शिरोरेखा लगाना अनिवार्य है। कुल गुण : ७०

**प्रश्न-१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। (कोई तीन)** (१५)

(१) "वह कौन रोता है वहाँ-
इतिहास के अध्याय पर,
जिसमें लिखा है, नौजवानों के लहू का मोल है
प्रत्यय किसी बूढ़े, कुटिल नीतिज्ञ के व्याहार का;
जिसका हृदय उतना मलिन जितना कि शीर्ष वलक्ष है;
जो आप तो लड़ता नहीं,
कटवा किशोरों को मगर,
आश्वस्त होकर सोचता,
शोणित बहा, लेकिन, गयी बच लाज सारे देश की?"

(२) "धर्म का दीपक, दया का दीप,
कब जलेगा, कब जलेगा, विश्व में भगवान?
कब सुकोमल ज्योति से अभिसिक्त
हो, सरस होंगे जली-सूखी रसा के प्राण?"

(३) "क्षमा शोभती उस भुजंग को
जिसके पास गरल हो।
उसको क्या, जो दन्तहीन,
विषरहित, विनीत, सरल हो?"

(४) "व्यक्ति का है धर्म तप, करुणा, क्षमा,
व्यक्ति की शोभा विनय भी, त्याग भी,
किन्तु, उठता प्रश्न जब समुदाय का,
भूलना पड़ता हमें तप त्याग को।"

(५) "ज्यों-ज्यों साड़ी विवश द्रोपदी
की खिंचती जाती थीं,
त्यों-त्यों वह आवृत,
दुरग्नि यह नग्न हुई जाती थी।"

(P.T.O)

प्रश्न-२ 'कुरुक्षेत्र' काव्य के आधार पर भीष्म पितामह का चरित्र चित्रण कीजिए। (२०)

<u>अथवा</u>

प्रश्न-२ टिप्पणी लिखिए। (२०)

(त) 'कुरुक्षेत्र' काव्य का प्रेरणास्रोत।

(थ) 'कुरुक्षेत्र' काव्य की भाषा शैली।

प्रश्न-३ 'कुरुक्षेत्र' खण्डकाव्य की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए। (२०)

<u>अथवा</u>

प्रश्न-३ टिप्पणी लिखिए। (२०)

(च) 'कुरुक्षेत्र' काव्य में युद्ध दर्शन।

(छ) समकालीन जीवन में 'कुरुक्षेत्र' की प्रासंगिकता।

प्रश्न-४ (क) टिप्पणी लिखिए। (कोई एक) (०८)

(१) 'कुरुक्षेत्र' काव्य के युधिष्ठिर।

(२) 'कुरुक्षेत्र' काव्य में कर्म का संदेश।

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर लिखिए। (किन्हीं सात) (०७)

(१) रामधारी सिंह 'दिनकर' का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(२) 'कुरुक्षेत्र' काव्य की मूल समस्या क्या है?

(३) 'दिनकर' की पाँच काव्य कृतियों के नाम लिखिए।

(४) माखनलाल चतुर्वेदी ने 'कुरुक्षेत्र' को क्या उपमा दी है?

(५) द्रोपदी के पाँच पुत्रों को किसने मार डाला था?

(६) 'दिनकर' की 'विनय पत्रिका' किसे कहा जाता है?

(७) 'दिनकर' को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना पर मिला?

(८) 'कुरुक्षेत्र' काव्य में कौन-सा सर्ग क्षेपक है?

—X—